दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **खालिद रशीद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से जनगणना महाभियान में बढ़–चढ़ कर भाग लेने का किया आह्वान।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में प्रगति की रफ्तार नहीं थमेगी। सरकारी जमीन को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा।

04. और, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में आंधी–बारिश से भारी नुकसान। राज्य के दक्षिणी भाग में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने की सफलता ऐतिहासिक उपलब्धि है और इससे भारत का गौरव बढ़ा है। आकाशवाणी से **मन की बात कार्यक्रम** में प्रधानमंत्री ने इस सफलता के लिए देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि परमाणु कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

––साउंड बाइट––

कुछ ही दिन पहले, हमारे न्यूक्लियर साइंटिस्ट ने एक और बड़ी उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ाया है। तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट्र ब्रिडर रिएक्टर ने क्रिटीकेलिटी हासिल कर ली है। इस स्टेज का मतलब है रिएक्टर का ऑपरेशन फेज़ में पहुंचना। भारत की न्यूक्लियर एनर्जी जर्नी में यह एक ऐतिहासिक माइलस्टोन है और परमाणु रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब छप्पन गीगावाट से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा आवश्यक है। इस क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं।

––साउंड बाइट––

पवन–शक्ति, भारत के विकास की नई कहानी लिख रही है। अब भारत का विंड एनर्जी जनरेशन कैपेसिटी 56 गिगावाट से अधिक हो चुकी है। पिछले एक साल में ही करीब 6 गिगावाट नई क्षमता जुड़ी है। आज भारत, विंड एनर्जी कैपेसिटी में दुनिया में चौथे स्थान पर है। यह हमारे इंजीनियरों की मेहनत है, यह हमारे युवाओं का परिश्रम है, यह देश की सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है। प्रधानमंत्री ने इस अभियान में लोगों से पूर्ण जनभागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है।

——साउंड बाइट——

जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, अब तक लगभग एक करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा भी हो चुका है। आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है, यह गोपनीय रखी जाती है।

———————————————————————

श्री मोदी ने कहा कि जिन राज्यों में स्व–जनगणना पूरी हो चुकी है, वहां जनगणना कर्मियों ने घरों की गणना शुरू कर दी है। अब तक लगभग एक करोड़ बीस लाख मकानों की सूची तैयार की जा चुकी है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी एक मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश और उनकी शिक्षा मानवता के कल्याण के लिए हमेशा प्रासंगिक बनी रहेंगी।

——साउंड बाइट——

आज दुनिया जिस तरह के तनावों और संघर्षों से गुजर रही है। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अहम हो गए हैं। दक्षिण अमरीका के चिली में एक संस्था भगवान बुद्ध के विचारों को आगे बढ़ा रही है। लद्दाख में जन्मे ड्रबपोन ओत्जर रिनपोचे के मार्गदर्शन में काम हो रहा है। कोचीगु आज घाटी में बना स्तूप लोगों को शांति का अनुभव कराता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री ने अठारह सौ सत्तावन के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि उनके त्याग और बलिदान को सदियों तक याद किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

श्री मोदी ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टी का भरपूर आनंद लने और कुछ नया सीखने की सलाह भी दी।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड अंतर्गत बैजलपुर गांव में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि एक बार फिर प्रधानमंत्री ने समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े मुद्दों की चर्चा की।

——साउंड बाइट——

भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव ने दानापुर में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बेहद प्रेरणादायी है।

——साउंड बाइट——

वहीं, पटना के बीआइए हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, राज्यसभा सांसद शिवेश कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य की प्रगति के मार्ग में आने वाली हर मुश्किल को दूर किया जाएगा। मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।

——साउंड बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निराकरण करने के लिए 'सहयोग कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी भी दी है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिले के ढोल पहाड़ी स्थित मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बारह करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ईको टूरिज्म योजना का शिलान्यास किया। श्री चौधरी ने बांका जिले के शंभूगंज प्रखंड अंतर्गत तिलडीहा में पूजा अर्चना के बाद क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द होगा। श्री चौधरी ने पटना स्थित जदयू कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए के दलों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई है और शीघ्र विस्तार किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––

ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण क्षेत्र बनने के कारण आज प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में विभिन्न स्थानों पर आंधी के साथ बारिश हुई है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि जिले के अनेक भागों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। कई इलाकों में वज्रपात की घटना भी घटी है। इससे भारी नुकसान हुआ है।

––साउंड बाइट––

वहीं, कटिहार, पूर्णियां और मधुबनी में भी तेज बारिश दर्ज की गयी है। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश की संभावना है।

––साउंड बाइट––

इधर, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमवल पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

भीषण गर्मी को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय को लेकर नया आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने प्री–स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और कक्षा आठ तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सुबह साढ़े ग्यारह बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। यह आदेश तीस अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। इधर, पटना जू प्रशासन ने चिड़िया घर के जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए एसी, कूलर और पंखों का प्रबंध किया है। साथ ही उन्हें दिये जाने वाले भोजन में भी ठंडक देने वाले खाद्य पदार्थ शामिल किये गये हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले में जमालपुर मालदा रेल मंडल के जमालपुर–किऊल रेलखंड पर आज निर्माण कार्यों के कारण लिये गए मेगा ब्लॉक से कई रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ। इस दौरान अभयपुर और कजरा स्टेशनों के बीच लेवल क्रार्सिंग पर विभिन्न गेट को बदला गया। सात घंटे के इस मेगा ब्लॉक के दौरान नौ ट्रेने रद्द रहीं, चार ट्रेनों का आंशिक समापन किया गया, जबकि सात एक्सप्रेस ट्रेनों को सात घंटे की देरी से चलाया गया।

———————————————————————

पटना मेट्रो का परिचालन कल आम लोगों के लिए बंद रहेगा। मेट्रो प्रशासन के अनुसार मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त की टीम भूतनाथ से मलाही पकड़ी स्टेशनों के बीच सुरक्षा संबंधि विभिन्न बिंदुओं की जांच करेगी। इस दौरान ट्रैक सिग्नलींग सिस्टम, प्लेटफार्म सुरक्षा, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। सुरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलने के बाद ही भूतनाथ स्टेशन से आगे मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल का परिचालन शुरू किया जा सकेगा।

———————————————————————

बेगूसराय ने रणधीर वर्मा अंडर– नाईंटिन वनडे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। नालंदा के एसएससीसी मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में बेगूसराय ने भोजपुर को तीन विकेट से पराजित कर दिया।

———————————————————————

किशनगंज पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि पोठिया थाना क्षेत्र के फुलवारी तैय्बपुर गांव से एक करोड़ रुपये के हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

सुपौल जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाये गए विशेष अभियान में पुलिस ने अंतरजिला हथियार तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

भोजपुर जिले में महादलित टोलों में जनगणना– दो हजार सत्ताईस के तहत स्व–गणना को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत विकास मित्रों ने स्व–गणना के तहत पंजीकरण कर अन्य लोगों को प्रेरित किया।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से जनगणना महाभियान में बढ़–चढ़ कर भाग लेने का किया आह्वान।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में प्रगति की रफ्तार नहीं थमेगी। सरकारी जमीन को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा।

04. और, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में आंधी–बारिश से भारी नुकसान। राज्य के दक्षिणी भाग में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।